आईटीआई लिमिटेड ने 70वीं वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन किया

आईटीआई लिमिटेड ने अपने निगमित कार्यालय, बेंगलुरु से दिनांक 4 दिसंबर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा 70वीं वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन किया।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर एम अग्रवाल ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न हुए चुनौतियों के बावजूद कंपनी द्वारा की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

वार्षिक सामान्य बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा कंपनी के कार्य-निष्पादन से संबंधित विभिन्न प्रश्न उठाए गए जिसे संबोधित भी किया गया।

दिनांक 04 दिसंबर, 2020 को संपन्न आईटीआई लिमिटेड के 70वीं वार्षिक सामान्य बैठक में, आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर एम अग्रवाल के साथ श्री शशि प्रकाश गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन), श्री डी वेंकटेश्वरलु, निदेशक (उत्पादन), श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) और श्रीमती शनमुगा प्रिया, कंपनी सचिव उपस्थित थे।